>Title: Regarding proper maintenance of NH-77, 102, 103 and 104 in Bihar.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, देश के प्रथम राट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद का आज तीन दिसम्बर को जन्मदिन है और राजेन्द्र बाबू के बिहार की यह दुर्दशा है। वहां राट्रीय राजमार्गों की इतनी खराब स्थिति है, जो हमारे क्षेत्र से गुजरती है। मैं वहां शनिवार और रविवार को गया था, मैंने देखा कि वहां सड़क की हालत बहुत खराब है। हमने इस बारे में सवाल किया तो सरकार ने कहा कि प्रस्ताव विचाराधीन है। वह प्रस्ताव कब तक विचाराधीन रहेगा। पटना, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सोनबरसा - एनएच नम्बर 77, 102, 103 और 104 - इन चारों राट्रीय राजमार्गों की खराब और दयनीय स्थिति है। ये पूरी तरह से चौपट हैं। यहां तीन महीने तक रास्ता बंद रहता है और लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। उत्तर-बिहार का यह लाइफ लाईन है - बंगाल, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सीतामढ़ी, सोनबरसा - एनएच नम्बर 77 है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि देश के प्रथम राट्रपति, भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्मदिन पर सरकार इसे सीरियसली ले। बिहार में राट्रीय राजमार्गों की जो दुर्दशा है, खराब हालत है, उसे दुरुस्त कराए।â€¦ (व्यवधान) भारत सरकार इसके लिए वहां पैसा देगी तो यह काम होगा।